नोखा में गांधी जयंती मनाई

नोखा, (कासं)। अणुव्रत समिति द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर अहिंसा दिवस मनाया गया। यह आयोजन अणुव्रत प्रेरणा उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय तेरापंथ भवन महावीर चौक में किया गया।

अहिंसा विषय पर आयोजित व्याख्यान माला में शिक्षाविद जयदेव बीठू ने गांधी दर्शन में अहिंसा और वर्तमान युग में उसकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने आचार्य तुलसी के अणुव्रत अभियान को अहिंसा से जोड़ा। नोखा के मंच संचालक जयकरण चारण ने अणुव्रत सप्ताह के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए युवा पीढ़ी के लिए ऐसे आयोजनों को सार्थक बताया।

प्रशिक्षक सुरेश बिश्नोई ने भगवान महावीर, गौतम बुद्ध, गुरू जम्भेश्वर और आचार्य तुलसी की विचारधारा की वर्तमान शिक्षा में आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शासन गौरव साध्वी राजीमति ने अति धन संग्रह, ईर्ष्या और अनैतिक व्यापार को भी अहिंसा बताया। उन्होंने अहिंसक की पहचान, अहिंसक कौन और अहिंसा सबके लिए विषयों पर उदाहरण सहित विचार व्यक्त किए। साथ ही अहिंसा प्रशिक्षण कार्यशाला की आवश्यकता पर जोर दिया।

अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि अणुव्रत आपके द्वार अभियान के तहत पांच सदस्य बनाकर इसकी शुरूआत की गई है और यह अभियान जारी है। उन्होंने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। अहिंसा दिवस पर उपाध्यक्ष इंदरचंद मोदी, कविराज इंद्रचंद वेद, मनोज कुमार घीया और हंसराज भूरा ने अतिथियों को साहित्य व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

'हिन्दुओं को शास्त्र के साथ शस्त्र विद्या में भी पारंगत होना जरूरी'

श्रीगंगानगर,(कासं)। विजयादशमी के पावन अवसर पर सुखाड़िया नगर पार्क में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ओंकार और विजय महामंत्र श्रीराम जय राम, जय जय राम के सामूहिक गान के द्वारा पार्क का वातावरण भक्तिमय हो गया। डॉक्टर महेश माहेश्वरी ने आये हुए हिन्दू समाज

■ **विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा मातृशक्ति और बच्चों को आत्मरक्षा और दंड संचालन का अभ्यास करवाया गया**

को कार्यक्रम की भूमिका बताई और सभी हिन्दुओं को शास्त्र के साथ शस्त्र विद्या में भी सिद्धहस्त होने की बात कही। प्रियंका चौधरी ने महिषासुर स्तोत्र का भावपूर्ण पाठ किया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोहन लाल ग्रोवर ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम, वीर महापुरूषों छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप और दशम गुरू सरवंश दानी श्री गुरू गोविन्द सिंह आदि का जीवन चरित्र बताते हुए उनके समान हर हिन्दू को हृदय में वीरता धारण करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि जात पात पंथ संप्रदाय से ऊपर उठकर हर हिन्दू को एक रहना है। जिस प्रकार श्रीराम ने एक तपस्वी बनकर भी शस्त्र नहीं त्यागे और अपने शस्त्रों के पराक्रम से दुष्टों का संहार किया। उसी प्रकार हर सनातनी को सज्जन शक्ति को धारण किए हिन्दू विरोधी और राष्ट्र विरोधी शक्तियों को हर मोर्चे पर परास्त करना होगा। उन्होंने बताया कि हमें लव जिहाद, धर्मान्तरण, लैंड जिहाद, जनसंख्या असंतुलन जैसे मुद्दों पर स्वयं जागरूक रहते समाज के बीच जाकर इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इसके बाद मंचासीन अधिकारियों तथा आये हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर शस्त्रों पर तिलक लगाकर एवं पुष्प चढ़ाकर पूजन किया। विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा मातृशक्ति और बच्चों को आत्मरक्षा और दंड संचालन का अभ्यास करवाया गया। अंत में शांति मंत्र और जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष उमाशंकर मित्तल, जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल ग्रोवर, डॉक्टर सीमा माहेश्वरी, डॉक्टर महेश माहेश्वरी, समाजसेवी विजय सेतिया, वरिष्ठ चिकित्सक एस. एस. खुराना, उज्ज्वल बंसल, सुरेश रिणवा, अरोड़वंश महिला कॉलेज से मीनाक्षी सेतिया, जिला विधि सेवा प्राधिकरण से वीरेन्द्र वैद , विश्व हिन्दू परिषद से जिला सहमंत्री बलराम वर्मा, संदीप गोयल, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष संजीव सिंघल, प्रखंड मंत्री रमाकांत शर्मा, सुशील अग्रवाल, मातृशक्ति से जिला संयोजिका प्रियंका चौधरी, सह संयोजिका उर्मिला कासनियां और रानी पांडे, अंजू अरोड़ा, बजरंग दल से अरविन्द स्वामी आदि उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर में विश्व हिन्दू परिषद के विजयादशमी कार्यक्रम में अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने शस्त्रों पर तिलक लगा एवं पुष्प चढ़ाकर पूजन किया।

सूरतगढ़। विजयादशमी के पावन अवसर पर भारत माता चौक के निकट वाटिका में प्रेमसिंह राठौड़ और विनोद सारस्वत के तत्वावधान में युवाओं ने भव्य शस्त्रपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य हिन्दू धर्म की इस प्राचीन परंपरा को घर-घर तक पहुंचाना और शस्त्रों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना था। सभी ने विधि-विधान से पूजन कर देश की समृद्धि और सुरक्षा की कामना की।

सूने मकान से 8 लाख के जेवर चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में एक चोरी की वारदात ने इलाके में हड़कम्प मचा दिया है। चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और लाखों रूपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर भाग गए। घटना उस समय हुई जब मकान मालिक अपने परिवार के साथ सालासर बालाजी धाम में दर्शन के लिए गया हुआ था।

पप्पूराम निवासी कृष्णा नगर, एसएसबी रोड श्रीगंगानगर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ सालासर बालाजी के दर्शन के लिए गया हुआ था। घर पर उसकी बुजुर्ग मां और बीमार पत्नी मौजूद थी। चोरों ने रात के अंधेरे में सूने मकान को निशाना बनाया। दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने कमरों में रखे सामान को बिखेर दिया और चांदी के कड़े, पायजेब, 10 चांदी के सिक्के, 1 किलो चांदी और 5 तोला सोने के जेवरात चुरा लिए। जेवरात की कीमत 8 लाख रूपये से अधिक बताई गई है।

सुबह जब पप्पूराम की पत्नी और मां को चोरी का पता चला तो उन्होंने तुरंत पप्पूराम को फोन पर सूचना दी। घर पहुंचने पर पप्पूराम ने देखा कि कमरों में सामान बिखरा पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। जवाहर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एएसआई गुरदीप सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

अनूपगढ़-रामसिंहपुर रोड पर एक युवक ट्रेन चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना घग्घर नदी के पुल पर हुई जहां युवक रेल की पटरियों पर सोया हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया।

सार-समाचार

वृद्धजनों का सम्मान किया

समाज कल्याण सप्ताह के शुभारंभ समारोह को बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के साथ समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत हुई। पहले दिन वृंदावन एनक्लेव स्थित अपना घर वृद्ध आश्रम में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुषा हमारा दायित्व है। इनके प्रति सम्मान के भाव हों, इसके मद्देनजर यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की वृद्धजन कल्याण की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र जनों तक पहुंचे, इसके लिए प्रयास किए जाएं। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान किया। बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने कहा कि बुजुर्ग हमारे घर-परिवार की थाती होते हैं। इनके प्रति आदर भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत वृद्धजन कल्याण दिवस से करना बुजुर्गों का सम्मान है। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने वृद्ध आश्रम की गतिविधियों के बारे में बताया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने समाज कल्याण सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। भगवान महावीर दिव्यांग सेवा समिति के अध्यक्ष अनंतवीर जैन, शशि मोहन मूंधड़ा, डॉ गजेंद्र वर्मा, किशन चौधरी, ओमप्रकाश मूंधड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नंदकिशोर राजपुरोहित, प्रशासनिक अधिकारी मुकेश भाटी व विजय चौहान आदि मौजूद थे।

गांधी व शास्त्री को याद किया

बीकानेर में कांग्रेसजनों ने गांधी व शास्त्रीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर आज बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधीजी की प्रतिमा स्थल गांधी पार्क में पुष्पांजलि व स्मरण सभा का आयोजन किया गया। स्मरण सभा की अध्यक्षता करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के यशपाल गहलोत ने दोनों ही महापुरूषों का स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्रीजी का जीवन हमें जीवन जीने की कला व सादा जीवन जीना सिखाता है। प्रदेश महासचिव जियाउर्रहमान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लालबहादुर शास्त्री देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री बने जिन्होंने जय जवान और जय किसान का नारा देते हुए हरित क्रांति की तरफ कदम उठाए। दोनों ही महापुरूषों का जीवन बहुत ही संघर्षमय और इस देश को आजादी के बाद में एक सूत्र में पिरोने वाला रहा है। प्रदेश महासचिव गजेन्द्र सांखला ने कहा कि इन दोनों महापुरूषों का जीवन आज भी प्रेरणास्पद है और युगपुरूष के रूप में सदैव पूजनीय रहेगा। महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष शशिकला राठौड ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छवि का अनुसरण करते हुए आज सबको पुनः टुकड़ों में बंट रहे भारत को जोड़ने का कार्य करना है। देहात उपाध्यक्ष अर्जुनराम कूकणा, अम्बाराम इनखिया, सुषमा बारूपाल, बृजलाल गोदारा, पन्नालाल मेघवाल, लेखराम धतरवाल, कामेश्वर प्रताप सिंह आदि ने गांधी व शास्त्री जीवन के घटनाक्रम व संस्मरण सुनाए।

पुष्करणा लोकसेवक समागम 11 को

पुष्करणा ब्राह्मण लोकसेवक समागम के लिए पीले चावल बांटकर आमंत्रित किया।

बीकानेर, (कासं)। पुष्करणा लोकसेवक समागम 11 अक्टूबर को सायं 5.30 बजे से ब्रह्म बगीचा में होगा। इसमें पुष्करणा ब्राह्मणों के सेवारत, सेवानिवृत्त और संविदा एवं निविदा कार्मिक भागीदारी निभायेंगे। इसके लिए कार्मिकों का डोर-टू-डोर सम्पर्क अभियान गुरूवार को शुरू हुआ। इस दौरान नत्थूसर गेट से मुरलीधर व्यास रोड तक रहने वाले कार्मिकों से संपर्क किया गया। इस दौरान सेवारत और सेवानिवृत्त कार्मिकों को पीले चावल भेंट किए। समागम संयोजक सुभाष जोशी ने बताया कि पहली बार आयोजित होने वाले वाले समागम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विभाग स्तर पर संपर्क के साथ घर-घर संपर्क प्रारंभ किया गया है। इसके लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले तीन दिन तक यह क्रम अनवरत जारी रहेगा। सह संयोजक सुरेश व्यास ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले पुष्करणा लोकसेवकों से संपर्क किया जा रहा है।

रिमोट से किया रावण दहन, 45 मिनट हुई आतिशबाजी व साउंड

बीकानेर, (कासं)। शहर में चार जगहों पर दशहरा महोत्सव शुरू हुआ। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मुख्य समारोह हुआ। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज और धरणीधर मैदान, भीनासर के मुरली मनोहर मैदान में भी रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। बीकानेर दशहरा कमेटी की ओर से डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के साथ ही शूर्पणखा का पुतला भी जलाया गया।

बीकानेर में रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी हुई। करीब 45 मिनट तक आतिशबाजी हुई। रावण के अलावा मेघनाद और कुंभकरण को जलाने पर भी आतिशबाजी हुई। इस दौरान स्टेडियम में चारों तरफ से आकाश में रोशनी दिखाई दी। आतिशबाजी में विभिन्न तरह की साउंड सुनाई दी, जो आकर्षण का केन्द्र थी। पुतलों के दहन

■ **रावण के अलावा मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों को जलाने पर भी आतिशबाजी हुई। इस दौरान स्टेडियम में चारों तरफ से आकाश में रोशनी दिखाई दी। आतिशबाजी में विभिन्न तरह की साउंड सुनाई दी, जो आकर्षण का केन्द्र थी**

से पहले इलेक्ट्रोनिक आतिशबाजी की गई। इससे पहले पंजाब से बुलाये गए ढोल ग्रुप की प्रस्तुति दी गई।

बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में भी रावण दहन हुआ। शाम को होने वाले मुख्य समारोह में रिमोट के माध्यम से रावण का दहन हुआ। यहां भी करीब आधा घंटे तक आतिशबाजी हुई। पॉलिटेक्निक कॉलेज में जयनारायण व्यास कॉलोनी, खतूरिया कॉलोनी सहित अनेक क्षेत्रों से लोग पहुंचते हैं।

भीनासर में स्थित मुरली मनोहर धोरा पर हर साल रावण का दहन किया जाता है। इस बार भी यहां शाम करीब साढ़े छह बजे दहन हुआ। इस दौरान पारम्परिक रूप से आतिशबाजी हुई। यहां गंगाशहर, सुजानदेसर सहित अनेक क्षेत्रों से लोग रावण दहन देखने पहुंचे।

बीकानेर के धरणीधर मैदान में पिछले कुछ सालों से रावण दहन हो रहा है। यहां भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतले खड़े किए। पूर्व सरपंच रामकिशन आचार्य के निर्देशन में यहां करीब दस बारह साल से रावण दहन की परम्परा निभाई जा रही है।

दो बाइकों की टक्कर में 5 जने घायल

नोखा, (कासं)। कृषि मंडी के आगे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक महिला सहित कुल पांच लोग घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार घायलों में वार्ड नंबर 23 के नथाराम साटिया, मूमल और रमेश एक बाइक पर सवार होकर देशनोक से नोखा की ओर आ रहे थे। वहीं नोखा गांव के रूपाराम मेघवाल अपने एक अन्य साथी के साथ नोखा से नोखा गांव की तरफ जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। घायलों मे मूमल गर्भवती बताई जा रही हैं, जिन्हें दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटनास्थल से गुजर रहे भाजपा नेता महेश झंवर ने तुरंत सभी घायलों को नोखा अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बीकानेर रेफर कर दिया।

फिर बदला मौसम का मिजाज, बारिश के आसार

बीकानेर, (कासं)। यहां मौसम एक बार फिर बदला है। गुरूवार को दोपहर बाद बादल छाने से तापमान में गिरावट आई है।

हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने भी बीकानेर संभाग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ भागों में हल्की मध्यम बारिश 3-4 दिन जारी रह सकती है। 5 से 7 अक्टूबर के दौरान पुनः बारिश हो सकती है। बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर व जयपुर संभाग में कहीं-कहीं पर मेघ गर्जन के साथ तेज हवाएं और भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। पूरे राज्य में ही हल्की बारिश का मौसम 7 अक्टूबर तक चलेगा। ऐसे में तापमान में गिरावट के चलते गर्मी नहीं होगी।

बीकानेर संभाग के साथ ही जिले में भी बारिश की उम्मीद जताई गई है। उधर किसान अब मानसून की विदाई

■ **हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बारिश होने के आसार है, मौसम विभाग ने भी बीकानेर संभाग के लिए 7 अक्टूबर तक येलो अलर्ट जारी किया है**

के बाद बारिश नहीं चाहते। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद कोलायत सहित अनेक क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। कोलायत से नोखा के बीच भी खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने इस मामले में फसल बीमा की राशि देने की मांग उठाई है। किसानों ने फसल काटकर खेतों में रखी हुई है। बारिश में कटी फसल भी खराब हो सकती है। मौसम विभाग ने भी इन दिनों में फसल को सुरक्षित रखने की सलाह दी है।

मारपीट कर युवक का अश्लील वीडियो बनाया

बीकानेर, (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ पहले मारपीट की गई और बाद में उसका अश्लील वीडियो बना लिया गया। पीड़ित युवक ने थाने में मामला दर्ज कराया है, जिसमें 3 युवकों पर गंभीर आरोप लगाये गए हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

चूरू के सांडवा का रहने वाला सुरेन्द्र गोदारा (20) इन दिनों खतुरिया कॉलोनी में रहता है। उसने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि दौत गोदारा, प्रकाश बिश्नोई, विशाल गोदारा ने उसके साथ 30 सितम्बर को मारपीट की। ये तीनों उससे रूपए मांग रहे थे। जो देने के लिए सुरेन्द्र तैयार नहीं हुआ। इस पर उसे बेरहमी से पीटा गया। अब उसे ब्लैकमेल करके रूपए मांगे जा रहे थे।

■ **तीन बदमाश ब्लैकमेल कर मांग रहे थे युवक से पैसे**

किन कारणों से ब्लैकमेल किया, इसका जिक्र पुलिस की रिपोर्ट में नहीं है। मारपीट के बाद उसके रूपए निकाल लिए। इतना ही नहीं उसका एक अश्लील वीडियो भी बना लिया। शिकायत करने पर वीडियो को सार्वजनिक किया जा सकता है। व्यास कॉलोनी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच एएसआई जयप्रकाश को सौंपी गई है। पुलिस ने मौका मुआयना भी किया हैं।

पूनरासर बाबा का रूद्राभिषेक

बीकानेर, (कासं)। विजयादशमी पर श्रीपूनरासर धाम में भक्ति की अविरल धारा बही। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया एवं रामभक्त श्री पूनरासर हनुमान बाबा का महारूद्राभिषेक, हवन, महाज्योत एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति के बंशीलाल व्यास ने पूनरासर से बताया कि पंडित नथमलै पुरोहित, श्रीधर महाराज, विधायक जेठानंद व्यास, अशोक मोदी के सानिध्य में दशहरा के अवसर पर पूनरासर धाम में राम भक्त हनुमान का महारूद्राभिषेक एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महारूद्राभिषेक कार्यक्रम में विधायक जेठानंद व्यास, अशोक मोदी, बंशीलाल व्यास, मनोहर लाल अग्रवाल, शांतिलाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर-राजपुरा-मोहाली नई रेल लाइन को मंजूरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर और पंजाब के मालवा क्षेत्र के लिए एक बड़ी रेल सौगात मिली है। राजपुरा-मोहाली नई रेल लाइन को हाल ही में मंजूरी मिली है, जिससे क्षेत्र के रेल यात्रियों की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई है। केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की।

जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य भीम शर्मा ने बताया कि यह 18 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन 443 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी। यह लाइन श्रीगंगानगर सहित मालवा क्षेत्र के 13 जिलों को चंडीगढ़ से सीधे जोड़ेगी। इससे श्रीगंगानगर-चंडीगढ़ रेल यात्रा की दूरी 66 किलोमीटर कम

■ **यह लाइन श्रीगंगानगर सहित मालवा क्षेत्र के 13 जिलों को चंडीगढ़ से सीधे जोड़ेगी, इससे श्रीगंगानगर-चंडीगढ़ रेल यात्रा की दूरी 66 किलोमीटर कम होगी**

होगी और समय की बचत होगी। मालवा क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ यह रेल लाइन राजपुरा-अंबाला मार्ग पर यातायात को सुगम बनायेगी और अंबाला-मोरिंडा संपर्क को छोटा करेगी। रेल प्रशासन ने इस मार्ग को इसलिए चुना, क्योंकि इसमें कृषि भूमि अधिग्रहण सबसे कम होगा, जिससे खेती पर न्यूनतम असर पड़ेगा।

यह लाइन कपड़ा, विनिर्माण और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देगी। कृषि उपज की तेज आवाजाही और राजपुरा थर्मल पावर प्लांट जैसे उद्योगों की परिवहन लागत में कमी आयेगी। गुरूद्वारा फतेहगढ़ साहिब, शेख अहमद अल-फारूकी की दरगाह, हवेली टोडरमल और संघोल संग्रहालय जैसे स्थानों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। अभी लुधियाना से चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेनों को अंबाला होकर जाना पड़ता है, जिससे समय और दूरी बढ़ती है। नई लाइन से यह समस्या खत्म होगी।

बापू के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के संदेश आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक : वृष्णि

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार सुबह गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, सुमन छाजेड़, सत्यप्रकाश आचार्य, जिला परिषद सीईओ सोहनलाल, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री महिमा कसाना व सुश्री स्वाति शर्मा, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी. पी. पचीसिया, प्रकाश मेघवाल, किशन चौधरी, हरिकांत शर्मा समेत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, स्काउट गाइड रोवर्स व रेंजर्स और नागरिकों ने गांधीजी व शास्त्रीजी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गांधी एवं शास्त्री जी को जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

नम्रता वृष्णि ने की। इस अवसर पर कलेक्टर वृष्णि ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। वहीं शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और 'जय जवान-जय किसान' का नारा सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमें इन महान विभूतियों के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र

■ **शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और 'जय जवान-जय किसान' का नारा सदैव प्रेरणादायी रहेगा**

की प्रगति में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर स्काउट मास्टर अहमद बशीर के नेतृत्व में अमी नागर, स्काउट गाइड के प्रभुदयाल गहलोत व सुश्री यशविता पारीक ने गांधीजी के प्रिय भजनों व रामधुन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी रमेश देव, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशव एल. डी. पंवार, महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई आदि मौजूद थे।

डांडिया नाइट में थिरके

बीकानेर, (कासं)। जय नारायण व्यास कॉलोनी सेक्टर 4 स्थित वृंदावन पार्क में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में रंग बिरंगी वेशभूषा से सजे डांडिया और गरबा नृत्य प्रेमियों ने संगीत की विभिन्न धुनों पर जमकर लुत्फ उठाया और डांडिया रास किया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ राशि शर्मा ने बताया कि वृंदावन परिवार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या का आकर्षण गंगा आरती की पद्धति में मां दुर्गा और भगवान गणेश की आरती रही। जिसे 21 बहनों ने अंजाम दिया। नौ देवियों की प्रस्तुति और महिषासुर वध की प्रस्तुति को सराहा गया। कार्यक्रम में बीकानेर शहर से अनेक कोरियाग्राफर अपने ग्रुप की प्रस्तुति लेकर आए और एक के बाद शानदार प्रस्तुतियां दी गई। वीणा जोशी, जे. पी. सोनी, सिद्धांत जोशी की प्रस्तुतियां बेहद मनमोहक रही। सांस्कृतिक संध्या में विशेष अतिथियों के रूप में सुषमा बिस्सा, निगम आयुक्त यशपाल आहूजा, पिंकी गंगवार, डॉ उमा जांगिड़ आदि मौजूद थे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 01.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 5 एमएल मुरब्बा नं. 54 किला नं. 19 के भूखण्ड संख्या A-11 (EAST PART) क्षेत्रफल 15'-0'' X 52'-6'' Feet का आवासीय की होल्ड पट्टा संख्या 30258 दिनांक 18.09.2025 द्वारा श्री राहुल मित्तल पुत्र श्री सुभाष चन्द्र मित्तल निवासी 36 एफ ब्लॉक, नजदीक भाटिया धर्मशाला, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग वाणिज्यिक हेतु आवंटित है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 17929065 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21/09/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 16 में भूखण्ड माप 39.4 इन्टू 50 फीट का पट्टा संख्या 1134 दिनांक 01.01.2013 को श्री कमलेश कुमार व महावीर प्रसाद पिसरान श्री दामोदर प्रसाद शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है। श्री अनिल कुमार पुत्र श्री जगबीर सिंह निवासी जीएस-16/86-ए आनंद एवेन्यू, मलवल रोड़, फिरोजपुर द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.08.2021 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी किये करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुचालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।